हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 4 जनवरी 2026

04 छाया घना कोहरा, दृश्यता कम होने से वाहन...



07 नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई वाहन रैली...





## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री पटेल आज सिरोंज आएंगे

**विदिशा।** प्रभारी मंत्री लखन पटेल आज रविवार को विदिशा एवं



सिरोंज में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री लखन पटेल आज सुबह 10.45 बजे कनारा क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित क्रिकेट टूनामेंट का शुभारंभ करेंगे। 11.30 बजे विदिशा से सिरोंज के लिए रवाना होंगे। दोपहर 1 बजे सिरोंज के रेस्ट हाउस में स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में सीएम राइज स्कूल ग्राउंड पर आयोजित लेदर बाल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबला में शामिल होकर पुरस्कार वितरित करेंगे।

### राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा बैठक रविवार को आयोजित की गई है। यह बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। अधिकारियों को बैठक में तैयारी के साथ समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### राष्ट्रीय इंस्पायर अवॉर्ड में साकेत के दर्श का चयन



**विदिशा।** साकेत एमजीएम स्कूल के छात्र दर्श नेमा का राष्ट्रीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। राज्य स्तरीय प्रदर्शनी इंदौर में 29–30 दिसंबर को आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश के 270 विद्यार्थियों ने भाग लिया। दर्श द्वारा तैयार फ्लोर ड्रायर मॉडल का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है। यह मॉडल फर्श को एक साथ पोछने और सुखाने में सक्षम है। दर्श अब नई दिल्ली के प्रगति मैदान में मप्र का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### रामलीला, बंगला घाट पर हिंदू सम्मेलन आज

**विदिशा।** सर्व हिंदू समाज द्वारा आज रामलीला मेला प्रांगण में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से प्रारंभ होगा। वहीं बेतवा तट स्थित बंगला घाट पर दोपहर 12 बजे हिंदू सम्मेलन का आयोजन होगा। शनिवार को दिनभर घाट पर तैयारियां चलती रहीं। हिंदू सम्मेलनों की श्रंखला में बंटीनगर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित लोगों ने 18 जनवरी दोपहर 12 बजे हिंदू सम्मेलन की योजना बनाई गई।

### शनि मंदिर पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**विदिशा।** बेतवा तट स्थित शनि मंदिर पर साल के पहले शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह से ही भक्त शनि देव के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने तेल अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की और सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। पहले शनिवार के कारण सामान्य दिनों की तुलना में अधिक भीड़ रही, जिससे मंदिर परिसर में लंबी कतारें लगी रहीं और माहौल भक्तिमय बना रहा। मंदिर के पुजारी राधे लाल जोशी ने बताया कि साल के पहले शनिवार को शनि देव की विशेष मान्यता होती है।

### सीहोरा मंडीबामोरा में गोहत्या, आरोपी धराया

**गंजबासौदा।** कुरवाई थाना अंतर्गत ग्राम सीहोरा (मंडीबामोरा) में हुई गोहत्या के मामले में गंजबासौदा पुलिस ने 20 वर्षीय आरोपी लखन रैकवार को गिरफ्तार कर लिया है। इस अपराध में आरोपी आरिफ खान और भगवानदास रैकवार अभी फरार हैं। आरोपी लखन को गौरव ओर राजेश ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। आरोपी परिवार से अलग रहता है।

---

बदला मौसम: कड़ाके की सर्दी में सुबह उठकर स्कूल जा रहे नन्हे बच्चे परेशान

# एडवाइजरी जारी: जरूरी होने पर ही बाहर निकलें, तीन दिन तक मौसम रहेगा सर्द

***जिले में अब कड़ाके की ठंड पड़ने वाली है जिसको लेकर मौसम विभाग को प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर दी है। जिसमें चेतावनी दी गई है कि अति आवश्यक होने पर ही घर से निकलें। वाहन चालकों को भी सलाह दी गई है कि वाहन चलाते समय सतर्कता रखें। क्योंकि अब घने से भी घना कोहरा पड़ने की आशंका है। ऐसे में दुर्घटनाएं होने की संभावना अधिक हो जाती है।***

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सर्दी ने अब अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। शनिवार को कड़ाके की सर्दी के चलते लोग कांप उठे। दिनभर धूप नहीं निकली और सर्द हवा ने लोगों को ठिठुरा दिया। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। सर्दी का यह दौर शुक्रवार शाम से शुरू हुआ। रात में तेज सर्द हवा भी चली। धूप न निकलने से लोग गर्म कपड़ों में लिपटे दिखे।

शनिवार को अधिकतम तापमान 22 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले पांच दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। कोहरा बहुत अधिक घना होने की आशंका जताई गई है। दिन और रात के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। दिन का तापमान 23.5 डिग्री और रात का तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। शुक्रवार दोपहर बाद हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक होने के कारण शीतलहर जैसे हालात बन गए थे। लेकिन शनिवार को तापमान कम होने के कारण हाड़ कंपा देने वाली सर्दी का अहसास हुआ।

रात का तापमान 8.5 डिग्री



**विदिशा।** शनिवार सुबह घना कोहरा और सर्दी हवा से बचने के लिए लोग दिनभर आग जलाकर बैठे रहे।

### किसानों को दी सलाह

मौसम वैज्ञानिक सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया कि अगले 3 दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। बादलों के कारण रात के तापमान में वृद्धि और दिन के तापमान में गिरावट आ सकती है। उन्होंने किसानों को सतर्क रहने की सलाह दी। बादलों से फसलों में कीट लगने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए नियमित सिंचाई और कीट दिखने पर कीटनाशक का छिड़काव आवश्यक है।

कृषि विज्ञान केंद्र के अनुसार विदिशा के ग्रामीण इलाकों में भी पिछले दो दिनों से मौसम बदला है। बादलों और सर्द हवाओं के कारण किसानों को मावठे (शीतकालीन वर्षा) की उम्मीद है। किसानों का मानना है कि मावठा गिरने से फसलों को बड़ा लाभ होगा, यूरिया छिड़काव से राहत मिलेगी और एक सिंचाई की बचत होगी। इस वर्ष कम बारिश के कारण सिंचाई की चिंता पहले से ही बनी हुई है, ऐसे में मावठा फसलों के लिए संजीवनी साबित हो सकता है।

### 6 तक कोहरे का अलर्ट सतर्क रहने की अपील



मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार 2 से 6 जनवरी तक जिला विदिशा एवं आसपास के क्षेत्रों में घने से अत्यंत घने कोहरे की संभावना जताई गई है। इस दौरान हल्की बारिश की भी संभावना बनी हुई है। जिला प्रशासन ने वाहन चालकों को धीमी गति से वाहन चलाने, फॉग लाइट व हेडलाइट का उचित उपयोग करने तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई है। प्रशासन ने बुजुर्गों, बच्चों एवं बीमार व्यक्तियों को ठंड और कोहरे से बचाव हेतु विशेष सावधानियां बरतने का आग्रह किया है।

---

दूषित पानी से मौतों के विरोध में घंटा बजाओ आंदोलन

## आज विधायकों के निवास पर प्रदर्शन करेंगे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

इंदौर में दूषित पानी पीने से हो रही मौतों और सरकार पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी रविवार को जिले के सभी विधायकों के निवास के सामने घंटा बजाओ प्रदर्शन करेगी। कांग्रेस इसे कुंभकर्णी नींद में सोई सरकार को जगाने का प्रयास बताया है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि इंदौर में दूषित पानी पीने से 15 लोगों की मौत अत्यंत दुखद और सरकार की विफलता को दर्शाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस गंभीर मामले पर सवाल पूछने वाले पत्रकार के साथ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा की गई अभद्र भाषा न केवल सत्ता के अहंकार को दिखाती है, बल्कि पूरे मीडिया जगत का अपमान है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव यह स्पष्ट करें कि उनकी सरकार जनता को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध क्यों नहीं करा पा रही और मंत्री अपनी जवाबदेही से क्यों बच रहे हैं।

4 जनवरी को दोपहर 3 बजे विवेकानंद चौराह से कांग्रेस कार्यकर्ता घंटा लेकर विदिशा विधायक मुकेश टंडन के निवास पहुंचकर घंटा बजाकर विरोध दर्ज कराएंगे। इसी तरह कुरवाई, शमशाबाद सहित सिरोंज में भी विधायकों के निवास पर प्रदर्शन होंगे। बासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी की माता जी की तेरहवी होने के कारण उनके निवास पर प्रदर्शन नहीं किया जाएगा।

### कुरवाई में होने वाले विशाल हिंदू सम्मेलन के लिए कार्यकर्ताओं ने किया वार्डों में संपर्क

**कुरवाई।** 18 जनवरी रविवार को मुरलीधर मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन एवं भंडारे को लेकर कुरवाई के विभिन्न वार्डों में कार्यकर्ताओं द्वारा जनसंपर्क किया गया। सुबह 10 बजे से प्रारंभ होने वाले इस सम्मेलन में नगर सहित आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजन सकल हिंदू समाज द्वारा किया जा रहा है। जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर पहुंचकर लोगों को निमंत्रण दिया और सामाजिक समरसता तथा संगठन की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।



---

## रघुवंशी समाज ने धर्मशाला के लिए एक दिन में 6 लाख जुटाए

**नटेरन।** रघुवंशी समाज ने समाज की धर्मशाला बनाने के लिए समाजजनों के सहयोग से एक ही दिन में 6 लाख पचास हजार रुपए एकत्रित किए। समाज के जिलाध्यक्ष मोहर सिंह रघुवंशी ने बताया कि नटेरन के रघुवंशी समाज के लोग पूर्ण समर्पण से आगे आकर धर्मशाला के लिए सहयोग कर रहे हैं। रघुवंशी समाज द्वारा 1 फरवरी को परिचय सम्मेलन भी विदिशा में कराया जा रहा है। इस दौरान भगत सिंह अंडिया, गुलाब सिंह चितौरिया, निरंजन रघुवंशी, भूपेन्द्र सिंह, रामकृष्ण रघुवंशी, बृजेन्द्र सिंह रघुवंशी, गोपाल पटेल, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी, प्यार सिंह करैया, वरिष्ठ शिक्षक गुलाब सिंह, राजू पटेल, गजराज सिंह, धर्मेन्द्र रघुवंशी, पहलवान सिंह, वीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, नीलेश रघुवंशी, देवीसिंह, प्राण सिंह सहित समाज के वरिष्ठजन मौजूद रहे।



## मॉडिफाइड साइलेंसर पर पुलिस की सख्ती

### रात में सड़कों पर निकलकर साइलेंसर से पटाखों की आवाज निकालते हैं युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर में तेज आवाज़ वाले मॉडिफाइड साइलेंसरों से होने वाले ध्वनि प्रदूषण को देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है।

बीत दिनों यातायात पुलिस ने 2 बुलेट मोटरसाइकिलों को पकड़कर उनके मॉडिफाइड साइलेंसर ज़ब्त किए थे। वहीं शनिवार को भी अभियान के दौरान 2 अन्य बुलेट मोटरसाइकिलों पर कार्रवाई करते हुए उनके साइलेंसर जब्त किए गए। यातायात पुलिस का कहना है कि यह अभियान ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण, सड़क सुरक्षा और आम नागरिकों की शांति बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। यातायात प्रभारी आशीष राय ने बताया कि मोडिफाइलड साइलेंसर लगाकर युवा रात के समय सड़कों पर साइलेंसर से फटाखों जैसी आवाज निकालते हैं। नव वर्ष के दौरान भी इस तरीके की शिकायतें सामने आईं। जिसको लेकर यह कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बाइक चालकों से भी अपील की है कि वह स्वयं मोडिफाइड साइलेंसर निकाल लें।



**विदिशा।** मोडिफाइड साइलेंसर लगे वाहनों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस।

## बाल बिहार में चल रहे डामरीकरण का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर में सड़कों के निर्माण का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। कई सड़कें बनकर तैयार हो चुकी हैं। शनिवार को नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने वार्ड 22 एवं 23 के अंतर्गत बाल बिहार के पास चल रहे डामरीकरण का जायजा लिया। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ने हरिभूमि को बताया कि शहर की खराब सड़कों का कायाकल्प अभियान के तहत निर्माण किया जा रहा है। निर्देश दिए हैं कि निर्माण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। लापरवाही सामने आने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

### नल जल योजनाओं की निगरानी के निर्देश

**विदिशा।** नल जल योजनाओं से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने सतत निगरानी के निर्देश जारी किए गए हैं। पूर्व में प्रभावित क्षेत्रों, लो-लाइंग एरिया, नालों को पार करती पाइपलाइनें तथा पुरानी-क्षतिग्रस्त लाइनों का चिन्हांकन कर प्राथमिकता से सुधार कार्य किए जाएंगे। राइजिंग मेन, वॉल्व एवं वॉल्व चेम्बर की मरम्मत सर्वोच्च प्राथमिकता पर होगी। जल शोधन संयंत्रों में दैनिक गुणवत्ता परीक्षण, एनएबीएल लैब से क्रॉस टेस्टिंग तथा घरेलू नलों में अवशिष्ट क्लोरीन की नियमित जांच की जाएगी।

## सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अखिल भारतीय कुशवाह महिला महासभा द्वारा सावित्रीबाई फुले की 195वीं जयंती रायपुरा स्कूल के सामने स्थित कार्यालय पर मनाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय कुशवाह महासभा प्रदेशाध्यक्ष नारायणसिंह कुशवाह ने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले के विचारों को हम अपने जीवन में आत्मसात करें तभी समाज का उत्थान होगा।

कार्यक्रम को जिला महामंत्री कैलाश कुशवाह, जिलाध्यक्ष महिला महासभा दीपा कुशवाह, तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाह, शिक्षक नारायण सिंह कुशवाह, भारती कुशवाह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला महासभा की नगर अध्यक्ष प्रिया कुशवाह ने की। कार्यक्रम का संचालन तहसील युवा अध्यक्ष सुरेश कुशवाह ने किया। आभार बब्लू कुशवाह तहसील महामंत्री ने माना। इस दौरान ललता प्रसाद कुशवाह, हल्लू कुशवाह, शैतान सिंह कुशवाह, क्रांति कुशवाह, भारती कुशवाह, गुड्डी बाई, मंजू बाई, राज बाई, मीराबाई, नर्मदा बाई, बसंती बाई, पुनिया बाई, मोहन बाई, कलाबाई, कुंवर बाई बादि मौजूद रहे।



**विदिशा।** जयंती पर एकत्रित हुए समाजन।

### विदिशा सहित 5 जिलों में सीबीजी की स्थापना

**विदिशा।** मप्र में कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट (सीबीजी) की स्थापना के लिए विदिशा सहित प्रदेश के 5 जिलों का चयन इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा किया गया है। कम्प्रेस्ड बायो गैस प्लांट (सीबीजी) की स्थापना हेतु प्रथम चरण में विदिशा, बैतूल, सिवनी, नरसिंहपुर एवं जबलपुर को चयनित किया गया है। प्लांट स्थापना के लिए लंबी समयावधि के लिए 20 से 30 एकड़ भूमि लीज पर उपलबध कराने संबंधित जिलों के कलेक्टरों से पत्राचार किया गया है।

### कॉलेज चलो अभियान के तहत विद्यालयों का भ्रमण

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज द्वारा कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण किया जा रहा है। यह अभियान 5 दिसंबर से प्रारंभ होकर 5 जनवरी तक संचालित किया जा रहा है। भ्रमण के दौरान छात्राओं को महाविद्यालय में उपलब्ध विषयों, शैक्षणिक वातावरण, सुविधाओं एवं छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया जा रहा है। महाविद्यालय में वर्तमान में लगभग 6 हजार छात्राएं अध्ययनरत हैं, जहाँ भूगोल, इतिहास, संगीत, कंप्यूटर, गृह विज्ञान सहित विभिन्न विषयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की शिक्षा, साथ ही एनसीसी, एनएसएस और खेल सुविधाएँ उपलब्ध हैं। यह अभियान प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार के मार्गदर्शन में एवं नोडल अधिकारी डॉ. विनीता प्रजापति के समन्वय से संचालित किया जा रहा है।




---

विदिशा पुलिस की सख्ती, नशा और अपराध के खिलाफ विशेष अभियान

# संदिग्धों की जांच, नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

असामाजिक तत्वों, अवैध गतिविधियों और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से संबंधित थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई। नववर्ष 2026 को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस विशेष रूप से नशा करने वालों, शराब और ड्रग्स बेचने व सेवन करने वालों पर कड़ी नजर रखे हुए है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत शेरपुर स्थित टीला क्षेत्र में विशेष दबिश दी गई। यहां पूर्व में शराब और ड्रग्स बेचने वालों के ठिकानों पर तलाशी ली गई और संदिग्ध गतिविधियों पर कार्रवाई की गई। सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिले में किसी भी प्रकार का नशा या अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगे भी यह सख्ती जारी रहेगी। शहर में भी पुलिस रात होते ही शराब पीने के अड्डों को दबिश दे रही है।



**विदिशा।** संदिग्ध स्थानों पर पहुंचकर जांच करती हुई सिविल लाइन पुलिस।

> रात में शराब पीने वाले अड्डों पर भी दबिश दे रही पुलिस।

**Vatsalya Sr. Sec. School, Vidisha**

AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI

**REQUIRES**

| Post | Subject | Qualification |
|---|---|---|
| PGT | Math, Political Science, English, Chemistry | Post Graduation, B.Ed. |
| Head Mistress | Administrative experience of minimum 05 Years | Post Graduation/ Graduation,B.Ed. |
| TGT | English, Mathematics, Science, Sanskrit, Computer Science | Graduate, B.Ed |
| PRT | English, Hindi, Math | Graduate, B.Ed/D.Ed. |
| Other | PTI (Female), Yoga Instructor (Female), Librarian, Art & Craft, Dance Teacher (Classical-Kathak, Bharatnatyam and Folk) | As per Norms |

Note: - Preference will be given to English Speaking & experienced teachers. Interested candidates are invited to submit their CV along with handwritten application and a passport size photograph by 10th January 2026 through e-mail (vatsalya.school@yahoo.in) or to the school office.

8770028887, 9301636074

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-5110
सरसों
न्यूनतम भाव-6232
उच्चतम भाव-7300
चना
न्यूनतम भाव- 4400
उच्चतम भाव- 5620
मसूर
न्यूनतम भाव-3010
उच्चतम भाव-6801
ज्वार
न्यूनतम भाव-5800
उच्चतम भाव-6386
मक्का
न्यूनतम भाव-1360
उच्चतम भाव- 1666
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-3176
धान
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-3795
उड़द
न्यूनतम भाव-2980
उच्चतम भाव-6470
बटरी
न्यूनतम भाव-3140
उच्चतम भाव-3140
गेंहू
न्यूनतम भाव-2350
उच्चतम भाव-3160

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 10575 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### संसार में छह द्रव्य हैं

**गंजबासौदा**। गत दिवस जीवाजीपुर स्थित वेदांत संस्कृत आश्रम में जगतगुरु डॉ. रामकमलाचार्य के पादुका पूजन कार्यक्रम पर धर्मसभा हुई। जिसमें संत हरिहर दास महाराज ने संस्कृत पाठशाला के बच्चों और श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और जीवन मूल्यों की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, संसार में छह द्रव्य हैं, जो एक-दूसरे पर उपकार करते हैं। भगवान का सबसे बड़ा उपकार यह है कि उन्होंने भक्ति और मोक्ष का मार्ग दिखाया। मोक्ष का अर्थ है, जहां जाने के बाद जीव दोबारा पृथ्वी पर जन्म नहीं लेता। उन्होंने कहा, गुरु के उपदेशों का पालन कर चौरासी लाख योनियों से मुक्ति मिलती है। संत हरिहर दास महाराज ने बालिकाओं को मर्यादा में रहकर जीवन जीने की सीख दी।

# कैंप फायर के साथ सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सैंट एसआरएस पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल की बालक-बालिका इकाइयों का ग्राम हरदूखेड़ी में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा था जिसका शनिवार को समापन किया गया। शिविर के छठवें दिन पूर्व संध्या में कैम्प फायर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। स्वयं सेवकों ने गांव में प्रभात फेरी निकालकर एनएसएस के संदेशों को ग्रामीणों तक पहुंचाया। साथ ही गांव में स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व से परिचित कराया।

इस दौरान स्वयंसेवकों ने श्रमदान करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के नारे और गीतों का गायन किया। बौद्धिक सत्र में अतिथि ने सृष्टि निर्माण की धार्मिक कथा



गंजबासौदा। शिविर को संबोधित करते अतिथिगण

सुनाते हुए पर्यावरण के पंचतत्वों की रक्षा करने का संदेश दिया। बीएड कॉलेज उप प्राचार्य एलएन शुक्ला ने स्वयंसेवकों से जीवन का स्पष्ट लक्ष्य तैयार करने का आह्वान किया। इसके लिए अपनी आदत को दिनचर्या में ढालना, आत्म बल से अपनी राह तलाशने के लिए हनुमान जी के आत्म बल से लंका विजय प्राप्त करने का संदेश दिया। नककटा साधु नाम के व्यक्ति की कथा से एकमेव लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने और आपने मस्तिष्क की आज्ञा प्रदान करने का सुझाव दिया। सांदीपनी हायर सैकेण्डरी स्कूल से व्याख्याता रत्ना देशपाण्डे ने राष्ट्रीय सेवा योजना के संम्बंध में स्वयं के अनुभव साझा किए। सुनील बाबू पिंगले ने शिक्षा और शिक्षक का महत्व बताते हुए प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का स्मरण कराया।

कार्यक्रम में एसजीएस कॉलेज प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार, डॉक्टर घनश्याम चौकसे, एलबीएस कॉलेज से मनोज सक्सेना, कुलेन्द्र श्रीवास्तव, सत्यनारायण शर्मा, सौदान सिंह यादव, ओपी चौरसिया, विजय रघुवंशी, विजय अरोरा, सुरेश तनवानी, वीरेन्द्र भार्गव सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे। इस दौरान संस्था की बालिकाओं ने नशा मुक्ति स्वच्छता पर नाटिकाएं प्रस्तुत की एवं नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति का संदेश दिया। संस्था के डायरेक्टर केएस यादव ने बताया कि पिछले 20 सालों से सैंट एसआरएस राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई संचालित कर रहा है जिसके माध्यम से नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में शिविर लगाए जाते हैं और ग्राम विकास के कार्य कराए जाते हैं। साथी स्वयंसेवकों को ग्रामीण संस्कृति से परिचित कराया जाता है।

संस्था के प्राचार्य उमेश चंद्र यादव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि स्वयंसेवक समाज की विभूतियों से भेंट कर गुणवान बनना सीखें। बालक इकाई के कृष्ण पाल सिंह चौहान एवं बालिका इकाई की रजनी गुप्ता एवं कोऑर्डीनेटर प्रियंका अग्रवाल सहित शिक्षक परिवार ने सहयोग किया। समापन अवसर पर स्वयं सेवकों का श्रेष्ठता के आधार पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# मिश्रित जेंडर टूर्नामेंट का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को समावेशी कप 2026 अंतर्गत जिला स्तरीय मिश्रित जेंडर क्रिकेट टूर्नामेंट हक है सम्मान सभी का है मैदान की थीम पर सिनरजी संस्था के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने सहभागिता की। इस दौरान नपाध्यक्ष ने खिलाड़ियों का परिचय लेकर उन्हे शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर राजेश तिवारी, रीतादेवी भावसार, मधुलिका अग्रवाल, अंशलेखा भावसार, सुरेश तनवानी, सरिता जैन, सरिता रघुवंशी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से छत्र चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शुक्रवार को रात्रि के समय श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से अज्ञात चोरों ने चांदी का छत्र चोरी कर लिया। पुजारी संतोष महाराज ने बताया छत्र का वजन लगभग 200 ग्राम था। जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस थाने में दर्ज कराई है। यहां उल्लेखनीय है कि नगर में लगातार चोरों द्वारा चोरियों की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। जिससे आमजन में भय व्याप्त है।

## तेज सर्दी के कारण जन जीवन रहा अस्त-व्यस्त

# छाया घना कोहरा, दृश्यता कम होने से वाहन चालक होते रहे परेशान

**तापमान में गिरावट आने से अल सुबह से देर रात तक हो रहा लोगों को तेज सर्दी का अहसास**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इलाके में मौसम ने फिर करवट ली है। सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं और ठंडी हवाएं चल रही हैं, जिससे ठिठुरन बढ़ गई है। शुक्रवार शाम से हवा की रफ्तार बढ़ने के कारण ठंडक महसूस की जा रही थी। धूप न निकलने से लोग गर्म कपड़ों में लिपटे दिखाई दे रहे हैं। विगत दो दिनों से इलाके भर में घना कोहरा छा रहा है। शनिवार को सुबह के समय क्षेत्र में घना कोहरा छाया रहा। इस घने कोहरे के कारण जनजीवन दिन भर प्रभावित हुआ। खासकर यातायात और रेल सेवाएं खासी प्रभावित रहीं। ट्रेनें बिलंब से आईं और वाहन चालकों को भी सुबह के समय हेड लाइट जलाकर चलना पडा।

उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में इन दिनों तापमान में गिरावट चल रही है और सर्दी का जोर बढता जा रहा है। भोपाल एवं आसपास के क्षेत्र में


गंजबासौदा। दूबा पर गिरी ओस की बूंदे मोतियों की तरह चमकती दिखाई दीं


गंजबासौदा। घने कोहरे के कारण जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त

तापमान रिकॉर्ड निचले स्तर पर चल रहा है, वहीं नगर एवं आसपास भी तापमान में गिरावट और जोरदार सर्दी का दौर चल रहा है। गत दिवस तक जहां सर्द हवाओं से लोग परेशान हो रहे थे। देर रात में भी कोहरा था और तडके से घना कोहरा सुबह 10 बजे तक भी इलाके में छाया रहा और दिन भर कड़कड़ाती सर्दी रही। जिससे आम जन जीवन प्रभावित हुआ। सुबह 10 बजे तक विजिबिलिटी इतनी कम थी कि वाहन चालकों को अपनी गाड़ियों की हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। इससे सड़कों पर वाहनों की गति धीमी हो गई और आवाजाही में परेशानी हुई। तापमान में गिरावट आने से अल सुबह घास एवं पौधों की पत्तियों पर ओस की बूंदे जम गईं जो हल्की धूम आने पर मोतियों की तरह चमकती हुई नजर आईं। रेल्वे स्टेशन पर भी यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। घने कोहरे के कारण कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से चल रही थीं, जिससे यात्रियों को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ा। विगत दिनों से छा रहे घने कोहरे से क्षेत्र में ठंड में भी वृद्धि दर्ज की गई। लोग ठंड से बचने के लिए मफलर और स्वेटर पहने हुए दिखाई दिए। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण अलाव का सहारा लेते रहे।

### आगामी दिनों में तापमान में बनी रहेगी कमी

**गंजबासौदा**। इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी शनिवार तक इसी तरह तापमान में कमी रहने और कोहरा छाए रहने के पूर्वानुमान व्यक्त किए हैं। अगले पांच दिनों तक रात के तापमान में वृद्धि और दिन के तापमान में गिरावट आ सकती है। किसानों को सतर्क रहने की जरुरत है, बादलों से फसलों में कीट लगने की संभावना बढ़ जाती है, इसलिए नियमित सिंचाई और फसल की जांच एवं देखरेख करते रहें। ग्रामीण इलाकों में भी पिछले दो दिनों से मौसम बदला है। बादलों और सर्द हवाओं के कारण किसानों को मावठे की उम्मीद बड़ी है। किसानों का मानना है कि मावठा गिरने से फसलों को बड़ा लाभ होगा और सिंचाई की बचत होगी। इस वर्ष कम बारिश के कारण सिंचाई की चिंता पहले से ही बनी हुई है, ऐसे में मावठा फसलों के लिए संजीवनी साबित हो सकता है। लेकिन मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने अभी मावठे के कोई संकेत नहीं दिए हैं। इन वेबसाइटों के अनुसार आसमान में बादल तो छाए रहेंगे, लेकिन उनसे मावठे की कोई संभावना नहीं है। हांलाकि वेबसाइटों ने रविवार और सोमवार को तापमान में उल्लेखनीय गिरावट के संकेत दिए हैं, जिससे पाले की संभावना बन सकती है।

# युवा कांग्रेस ने किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दिनों इंदौर में दूषित पानी की वजह से 15 लोगों की मौत हो गई तथा सैकड़ों लोग अस्पताल में भर्ती हैं। ऐसे में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा पत्रकार के साथ अशब्द भाषा का प्रयोग करने के विरोध में युवा कांग्रेस पूर्व जिला उपाध्यक्ष गोलू सेन के नेतृत्व में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जय स्तंभ चौक पर विजयवर्गीय का पुतला दहन करने का प्रयास किया। इस दौरान दमकल की मदद से पुतले की आग बुझा दी गई। पुतला दहन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कैलाश विजय वर्गीय को पद से इस्तीफे देने की मांग की।

# अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

शनिवार को लगधा रोड पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें ट्रैक्टर चालक को गंभीर चोटें आई हैं। जिसे 112 डायल की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर चालक सत्येंद्र निवासी कासगंज बिहार ट्रैक्टर लेकर विदिशा जा रहा था। तभी रास्ते में लगधा रोड पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्वास्थ्य केन्द्र पर प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया गया।

## भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई




**गंजबासौदा**। शहर वाचनालय पाठक संघ के तत्वावधान में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई। वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की पहली महिला शिक्षिका की सावित्रीबाई फुले की यह 195 वीं जयंती है। सावित्रीबाई के पति ज्योतिबा फुले ने उन्हें शिक्षित किया 1848 में उन्होंने पति के सहयोग से पुणे में महिलाओं के लिए भारत का पहला स्कूल खोला। उस समय महिलाओं की शिक्षा की वकालत करने के कारण उन्हें सामाजिक रूप से बहिष्कृत कर दिया गया था। सावित्रीबाई ने तमाम बाधाओं के बावजूद सभी महिलाओं को शिक्षित करने के लिए संकल्प लिया और अपने कार्यकाल में उन्होंने पूरे देश में 18 स्कूल स्थापित किये। इस अवसर पर विजय यादव, कैलाश नेमा,बबलू राय उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा कहा गया कि तेलंगाना में सावित्रीबाई फुले की स्मृति में महिला शिक्षिका दिवस के रूप में उनकी जयंती मनाई जाती है। इस अवसर पर अनेक पाठकगण उपस्थित रहे।

# एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान के तहत पौधा लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को एनएसयूआई द्वारा शासकीय संजय गांधी महाविद्यालय में एक पेड़ भविष्य के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। जिसकी शुरुआत विदिशा में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में की गई थी। इस अभियान की शुरुआत पूरे मध्यप्रदेश में एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे द्वारा की गई है जो 1 से 15 जनवरी तक चलेगा।

भाजपा सरकार द्वारा लगातार वृक्ष काटे जा रहे हैं, जंगलों को लगातार काटा जा रहा है और कॉर्पोरेट हितों को प्रात्मिकता दी जा रही है। आने वाली पीढ़ियों का भविष्य गंभीर संकट में है। ऐसे हालात में जेन-जी जेनरेशन को आगे आकर पर्यावरण संरक्षण के लिए समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। एनएसयूआई ने यह अभियान चालू



किया है जिससे पूरे देश को पर्यावरण रक्षा का संदेश दिया जा सके। कार्यक्रम में एसजीएस कॉलेज प्राचार्य नरेंद्र ठाकुर, मनीष दुबे, बीके प्रजापति सहित एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## शासकीय एसजीएस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित हो रहा टूर्नामेंट

# जूनियर, सीनियर टीमों के खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन और वंदे मातरम क्रिकेट क्लब द्वारा शीत कालीन अवकाश में एसजीएस ग्राउंड आयोजित इंटर स्कूल कंपटीशन सीजन -4 में आज जूनियर और सीनियर टीमों के मैच संपन्न हुए। जिसमें पहला मैच स्कॉलर पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल एवं उत्कृष्ट शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय के बीच आयोजित हुआ। जिसमें उत्कृष्ट स्कूल की टीम की विजय हुई।

दूसरा मैच सेंट जोसफ और आचार्य विद्या वैली स्कूल की टीम के बीच हुआ जिसमें सेंट जोसफ स्कूल की टीम विजय हुई। तीसरा मैच डॉल्फिन स्कूल जूनियर एवं बीएमसी स्कूल जूनियर की टीम के बीच हुआ जिसमें बीएमसी जूनियर टीम विजेता हुई। चौथा मैच वात्सल्य हायर सेकेंडरी स्कूल एवं सुभाष निकेतन के बीच होना था जिसमें सुभाष निकेतन हायर सेकंडरी स्कूल की टीम को वॉक ओवर प्राप्त हुआ। पांचवा मैच टीटी जैन हायर सेकेंडरी स्कूल एवं ओलंपिक पब्लिक स्कूल के बीच हुआ जिसमें टीटी जैन हायर सेकंडरी स्कूल की टीम विजय हुई।

अंतिम मैच डॉल्फिन स्कूल एवं सम्राट अशोक सावरकर चौक के बीच होना था सम्राट अशोक स्कूल की टीम की अनुपस्थिति के कारण डॉल्फिन स्कूल की टीम को वॉक ओवर दिया गया। छात्रों का उत्साहवर्धन करने के लिए अतिथि के रूप में डॉल्फिन स्कूल ऑफ विजडम के प्रिंसिपल संदीप जेटली, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष विपिन तिवारी, यजुवेंद्र सिंह चौहान, आदित्य श्रीवास्तव, धर्मेंद्र रघुवंशी, विजय शर्मा पीटीआई, विक्रम परिहार, रंजीत ठाकुर पीटीआई, शिवकुमार पीटीआई, अरूण शर्मा, पीटीआई मनीष दीक्षित टार्जन बुक डिपो के संचालक कैलाश बैरागी, जयदेव, खेल प्रशिक्षक अनय शर्मा, सुरेन्द्र राजपूत , नवांकुर से उमेश बबेले, गौरव भारद्वाज, दिनेश रघुवंशी, गोलू भदौरिया के साथ बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। आयोजक प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष नीलेश चतुर्वेदी, टूर्नामेंट प्रभारी राहुल यादव ने सभी खेल प्रेमियों से अपील की है कि नगर के छात्र-छात्राओं और युवा तरुणाई खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर महाविद्यालय ग्राउंड पहुंचकर उत्साह वर्धन करें।

# 'श्रेष्ठ बनने के लिए सोच को सकारात्मक बनाना होगा'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थिति सेवा केंद्र द्वारा स्नेह मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यदि हमें नव वर्ष में अपनी संकल्प शक्ति को श्रेष्ठ व समर्थवान बनाना है तो अपनी सोच को गुणवान और सकारात्मक बनाना होगा।

सहनशीलता, सन्तोष, त्याग, मधुरता, नम्रता, दृढ़ निश्चय आदि गुण अपनाकर एवं अपनी दृष्टि का सकारात्मक परिवर्तन करके भी हम समर्थ संकल्पों का आह्वान कर सकते हैं। उमंग-उत्साह के साथ सदा सहयोगी आत्मा बनकर सहयोग के संकल्प कार्य में लगाओ तो विजयी अवश्य बनेंगे। सहयोग के ऐसे संकल्प श्रेष्ठ बन जाते हैं जब हम अपने साथ दूसरों के भी संकल्पों में बल भर देते हैं। ऐसे श्रेष्ठ संकल्प एक इंजेक्शन का काम करते हैं। दृष्टि, वृत्ति को शुद्ध व पवित्र बनाकर जो भी संकल्प करें, वह सकारात्मक एवं शक्तिशाली होते हैं जिससे कार्य में सफलता मिलना तय हो जाता है। सारे दिन में हमें अनेक विचार आते हैं जिनमें बहुत से नकारात्मक व कुछ सकारात्मक होते हैं। नकारात्मक विचारों के बार-बार चलने से हमारे मन में आने वाली बातों पर हम ध्यान नहीं दे पाते, जिससे हम अपने विचारों को शक्तिशाली व उपयोगी नहीं बना पाते। एकाग्रता और सकारात्मकता के साथ जब हम संकल्प करेंगे, तभी हमारे संकल्प शक्तिशाली होंगे और हमारे सभी कार्य सहज ही सफलता को प्राप्त हो जाएँगे। असफलता तब प्राप्त होती है जब हम अपने संकल्पों-विकल्पों पर ध्यान न देकर अपने निर्धारित लक्ष्य से भटक जाते हैं। अतः नववर्ष में अपने संकल्पों को शक्तिशाली एवं प्रभावशाली बनाने हेतु हमें अपनी सोचने की शक्ति को दूसरों के कल्याण में और सदा निमित्त भाव में रहकर कार्य करने में लगाना चाहिए। रेखा दीदी ने बताया कि ध्यान व योग का जीवन में प्रयोग करके हम अपने संकल्प शक्ति को शुभ, कल्याणकारी तथा श्रेष्ठ बना सकते हैं। योग द्वारा स्वयं का सम्पूर्ण स्नेह परमपिता परमात्मा शिव से जोड़ लें, तो हमारी बुद्धि और संकल्प सात्विक व शुभ-भावना से संपन्न बन जाएँगे। पुरुषार्थ या योग से हमारे संकल्पों में परिवर्तन आता है। संकल्प से फिर कर्मों में बदलाव आता है और फिर संस्कारों में फेर-बदल होता है। अतः 'योगी तू आत्मा' बनकर अपने संकल्प शक्ति को सही दिशा दें, जिससे इस नए साल में स्वयं के तथा विश्व के कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा पाएं।

### भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी ने धूमधाम से मनाई सावित्री बाई फुले जंयती

# नगर के मुख्य मार्गों से निकाली गई वाहन रैली पुराना बस स्टैंड पर विशाल जनसभा आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरोंज



भीम आर्मी आज़ाद समाज पार्टी के तत्वाधान में शिक्षा की अग्रदूत, समाज परिवर्तन की प्रथम क्रांतिकारी माता सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर सिरोंज में ऐतिहासिक बाइक रैली एवं विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका से हुई जहाँ सैकड़ों कार्यकर्ता नीले झंडे और संविधान की प्रतियों के साथ जय भीम, जय संविधान, जय सावित्रीबाई फुले के नारों से गगन गुंजा दिया। वाहन रैली नगर के छत्री नाका चौराहा से मुख्य बाजार से होती हुई पुराना बस स्टैंड पहुँची जहाँ जनसभा आयोजित की गई। वही सभा की शुरुआत संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन से हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीम आर्मी प्रदेश उपाध्यक्ष गब्बर सिंह ने अपने संबोधन में माता सावित्रीबाई फुले के संघर्षों को नमन करते हुए कहा कि माता सावित्री बाई फुले ने जिस कलम से अंधकार मिटाया, वही कलम आज बहुजन मुक्ति का सबसे बड़ा अस्त्र है। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस दोनों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आज़ादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद भी बहुजन समाज को न मकान मिला, न रोजगार, न सम्मान। स्थिति आज भी वैसी ही है जैसी आज़ादी से पहले थी। सत्ता बदली, लेकिन बहुजन समाज की तकदीर नहीं बदली। गब्बर सिंह ने कहा कि आज पूरे देश में यदि कोई नेता बहुजन समाज की सच्ची आवाज़ उठा रहा है, तो वह चंद्रशेखर आज़ाद हैं, जो बाबा साहेब और कांशीराम साहब के अधूरे मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं।

इस अवसर पर भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष दीपक बौद्ध का विशेष रूप से उल्लेख किया गया। जिन्होंने सन- 2011 के व्यापम घोटाले को उजागर कर व्यवस्था की जड़ों में बैठे भ्रष्टाचार को सामने लाने का ऐतिहासिक कार्य किया था। सभा में उपस्थित हजारों कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संकल्प लिया कि अब शिक्षा, संगठन और संघर्ष की राह पर चलकर बहुजन समाज को सत्ता का साझेदार नहीं, बल्कि हुक्मरान बनाना है। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अक्षय अहिरवार,तहसील अध्यक्ष निर्मल प्रभाकर,नगर उपाध्यक्ष भारत अहिरवार,जिला उपाध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा,युवा नेता नीतेश राज,राहुल प्रभाकर मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रभावशाली ढंग से राहुल प्रभाकर द्वारा किया गया। वही यह आयोजन केवल जयंती नहीं बल्कि बहुजन चेतना, आत्मसम्मान और सामाजिक न्याय की नई क्रांति का शंखनाद सिद्ध हुआ।

# सुबह-सुबह छाए कोहरे व सर्द हवाओं ने बढ़ाई ठंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरोंज



जनवरी माह 2026 प्रारंभ होते ही सर्दी ने भी अपना असर दिखाना प्रारंभ कर दिया है। शनिवार सुबह 6 बजें शून्य की दृश्यता बनी रही एवं आसमान से हल्की ओंस की बूंदे टपकती महसूस हो रही थी। इसके बाद कोहरे का असर धीरे-धीरे कम होने से दोपहर 12 बजे तक कोहरा छंटने व सूरज निकलने के बाद सर्दी से थोड़ी राहत महसूस हुई। इस दौरान दिनभर लोग गर्म कपड़ों में लदे नजर आए। पिछले दिनों से तापमान में लगातार गिरावट के साथ ही शनिवार को सुबह के समय ओस गिरने के साथ कोहरा भी छाने लगा है। इससे सर्दी ने अपना अहसास तेज कर दिया है।

वही सुबह के समय ठंड का असर भी अधिक देखने को मिला। पिछले दिनों से तापमान में गिरावट होने से सर्दी का अहसास होने लगा है। इस मौसम मे परिवर्तन होने की वजह से फसलों को भी लाभ मिलेगा। पिछले दो तीन दिनां से मौसम मे ठंडक बनी हुई है। इस कारण लोग गर्म कपड़ों का सहारा लेने लगे है। इससे फसलों को अधिक फायदा पहुंचेगा। ग्राम गरेठा निवासी किसान राम बाबू कुर्मी ने बताया कि इस बार किसानों के पास सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की व्यवस्था है, लेकिन यदि मौसम की नमी व रिमझिम बारिश होती है तो इसका लाभ फसलों को मिलेगा। वही कमलिया के किसान कमलेश कुशवाह ने बताया कि तीन चार दिनों से सुबह कोहरा छाने से खासकर गेहूं की फसल को अधिक लाभ पहुंचेगा। कृषि विभाग विभाग के अधिकारियो की माने तो सर्दी का असर तेज हुआ तो फसलों के लिए लाभदायक रहेगा।

इस समय फसलों में नमी की बहुत आवश्यकता है। यदि इस बीच आगामी दिनों में मावठा गिरता है तो किसानों के लिए सोने पर सुहागा होगा।

## विधायक के निवास पर कांग्रेस पार्टी घंटा बजाकर करेगी विरोध प्रदर्शन

**सिरोंज।** इन्दौर में भाजपा शासित नगर पालिक निगम द्वारा सप्लाई किए गए मल-मूत्र युक्त गंदा पानी पीने से 14 लोगो की मौत होने एंव 2800 व्यक्ति उपचारत हो गए है। इस संवेदनशील मुद्दे पर प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विज यवर्गीय द्वारा पत्रकारो के प्रश्न के उत्तर में अशोभनिय टिप्पणी करते हुए घंटा शब्द का उपयोग करना अमान्वियता और निरंकुश्ता की निशानी है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेश यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आदेशानुसार सम्पूर्ण म.प्र. में सांसद एवं विधायको के निवास पर कांग्रेस पार्टी घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसको लेकर आज दोपहर 2 बजें कांग्रेस पार्टी द्वारा सिरोंज विधायक के निवास पर घंटा बजाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन आज किया जाएगा




हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरोंज।

नगर के सांदीपनि विद्यालय में माधव ग्रुप द्वारा स्वर्गीय लक्ष्मीकांत शर्मा की स्मृति में आयोजित प्रथम लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 27 दिसंबर 2025 से किया जा रहा है जिसका समापन आज दोपहर 1:00 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर विदिशा जिले के प्रभारी मंत्री एवं मध्य प्रदेश सरकार के पशुपालन मंत्री लखन पटेल एवं पूर्व विधायक तथा क्रिकेट एसोसिएशन भोपाल संभाग के अध्यक्ष देवनारायण सिंह सम्मिलित होंगे एवं विजेता खिलाडियो को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर माधव ग्रुप सिरोंज एवं विधायक उमाकांत शर्मा ने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में आकर नगर में आयोजित हुए प्रथम लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर सम्मिलित हो।

## जिला प्रशासन ने फिल्टर प्लांटों का संयुक्त निरीक्षण किया

**विदिशा।** जिला प्रशासन द्वारा आज जिले के सभी नगरीय निकायों में संचालित फिल्टर प्लांटों का संयुक्त रूप से निरीक्षण कराया गया। यह निरीक्षण नागरिकों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने तथा जल प्रदाय व्यवस्था की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया। संयुक्त निरीक्षण के दौरान फिल्टर प्लांटों में जल शोधन की प्रक्रिया, केमिकल डोजिंग, जल परीक्षण व्यवस्था, मशीनरी की कार्यशील स्थिति, साफ-सफाई एवं संधारण कार्यों की विस्तार से जांच की गई। अधिकारियों द्वारा जल की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप परीक्षण रिपोर्ट का अवलोकन किया गया तथा आवश्यक सुधारात्मक निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के समय जहां-जहां कमियां पाई गईं, वहां संबंधित निकाय अधिकारियों को तत्काल सुधार कार्य करने के निर्देश दिए गए, साथ ही भविष्य में पेयजल की गुणवत्ता प्रभावित न हो इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग एवं रख-रखाव सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पेयजल की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु ऐसे निरीक्षण आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रेलवे स्टेशन पर यातायात जन जागरुकता अभियान, नुक्कड़ सभा आयोजित कर दी समझाइश

**विदिशा।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक मनाए जा रहे ह्लराष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहह्व के अंतर्गत विदिशा में यातायात जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन तथा यातायात प्रभारी सूबेदार आशीष राय के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन परिसर में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड़ सभा में ऑटो चालक संघ के सदस्यों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों का पालन, सुरक्षित वाहन संचालन, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, ओवरस्पीडिंग से होने वाले नुकसान तथा सड़क पर अनुशासन बनाए रखने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही राहवीर योजना, कैशलेस उपचार योजना और हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना की जानकारी देकर दुर्घटना की स्थिति में त्वरित सहायता व कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया। विदिशा पुलिस ने आमजन से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन कर स्वयं व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाएं।

# नगर को नए वर्ष में मिली अपशिष्ट जल प्रबंधन के लिए 6 करोड़ की राशि

### इंटरसेप्शन तकनीक से साफ होगा पानी, 3 एकड़ में लगेगा ट्रीटमेंट प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ▸▸ बरेली



नगर के विभिन्न वार्डों में सीसी सडक़ निर्माण का सिलसिला बना हुआ है।नगर के बीचों बीच से निकले मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण नगर परिषद द्वारा कराया जा रहा है स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अंतर्गत अपशिष्ट जल प्रबंधन के लिए 6 करोड़ की राशि से 3 एकड़ भूमि पर इंटरसेप्शन और डायवर्जन प्लांट लगाकर नगर के गंदे पानी को साफ कर पुनः उपयोग और दशकों से घोघरा नदी में जा रहे जहरीले गंदे पानी को मिलने से रोका जाएगा।

घोघरा नदी के पास तीन एकड़ भूमि को चिन्हित कर 3.5 मिलियन लीटर क्षमता के प्लांट लगाने से प्रतिदिन नगर में निकलने वाले हजारों लीटर जहरीले गंदे पानी को घोघरा नदी में जाने से रोक कर पानी को ट्रीटमेंट प्लांट से शुद्ध कर उपयोग लाया जाएगा। प्लांट लगाने के लिए घोघरा नदी किनारे खसरा नंबर 33 में 3 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। वार्ड 15 में मुक्तिधाम के पास ठोस कचरा प्रबंधन प्लांट के बगल में यह प्लांट लगेगा।

#### नदी में नहीं जाएगी गंदगी

नगर के गंदे पानी को घोघरा नदी में जाने से रोकने सीवेज को ट्रीटमेंट प्लांट एसटीपी तक पहुंचाना इसका मुख्य उद्देश्य है।इसके तहत नालों पर इंटरसेप्टर लाइन बनाई जाएगी। बहता पानी को पाइपलाइन के माध्यम से आगे भेज दिया जाता है। इंटरसेप्टर किया पानी को दूसरे मार्ग से उपचार संयंत्र एसटीपी की ओर भेजा जाता है।

इस पूरी प्रक्रिया से सीवेज को सही दिशा में ले जाकर शुद्धिकरण करके जल प्रदूषण को कम किया जाता है। इंटरसेप्शन और डायवर्सन दोनों व्यवस्थाएं मिलकर काम करती हैं, उक्त ट्रीटमेंट प्लांट वर्ष 2026 में पूर्ण होने की संभावना है।

#### इनका कहना है

इंटरसेप्शन और डायवर्सन प्लांट घोघरा नदी के जल और नगर की स्वच्छता के साथ ही भूजल सतहीजल संरक्षण और पर्यावरण की दृष्टि से बहुत उपयोगी साबित होगा।

**- हेमंत राजा भैया चौधरी,**
अध्यक्ष नगर परिषद बरेली।

# स्थानीय हैंडबॉल खिलाड़ी छात्र दिखा रहे अपना खेल कौशल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ▸▸ बरेली

**बालक हासे के मैदान में चल रही चार दिवसीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आज समापन**



1 जनवरी से शासकीय बालक हाई सेकेंडरी के खेल मैदान में डे नाइट हैंडबॉल प्रतियोगिता जारी है। बरेली प्रीमियर लीग सीजन 2 के अंतर्गत नगर के हैंडबॉल खिलाड़ी छात्र टीमों में भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर दर्शकों को तालियां बजाने मजबूर कर रहे हैं।

नगर के हैंडबॉल खिलाड़ियों द्वारा पिछले वर्षों में राज्य के साथ देश की हैंडबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर नगर का नाम रोशन किया जाता रहा है। हैंडबॉल प्रतियोगिता की आकर्षक कमेंट्री खेल प्रेमियों को मैच देखने आकर्षित करती रहती है जब भी मैच होते हैं, तब खेल प्रेमियों की हैंडबॉल प्रतियोगिता देखने भारी भीड़ बनी रहती है।

दूसरे दिन के रात्रि कालीन हैंडबॉल मैच देखने नगर के पत्रकारों की विशेष उपस्थिति बनी रही पिछली वर्ष सीजन वन की विजेता और उपविजेता टीमों के बीच हुए आकर्षक खेल कौशल से भरे मैच को देखने वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ, संजय शर्मा, सत्यनारायण रघुवंशी, रुपेश सोनी, निगार पेंटर के साथ क्रीड़ा अधिकारी अरविंद जरारिया, ब्लॉक खेल सामनव्यक शशि रघुवंशी इत्यादि ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर हैंडबॉल खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया गया। 1 जनवरी से प्रारंभ हुई चार दिवसीय प्रीमियर लीग सीजन 2 प्रतियोगिता का आज गरिमामय आयोजन के साथ समापन होगा।

# शीत लहर की आगोश में नर्मदा क्षेत्र

### शरीर को ठुठरा देने वाले शीत प्रकोप से थर-थर कांप रहे लोग, भारी शीत के असर से पौधे पत्ती फूल मुरझा रहे



हरिभूमि न्यूज ▸▸ ▸▸ बरेली

शनिवार को अचानक मौसम का बदला मिजाज नर्मदा क्षेत्र के निवासियों के लिए परेशानियों का कारण बना रहा। घने कोहरे और शीतलहर के साथ शरीर को ठुठरा देने वाली असहनीय ठंड से हर व्यक्ति कांपते नजर आया। लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए। सुबह से ही क्षेत्र और नगर गहरे कोहरा छाया रहा। शीतलहर और आसमान में छाए बादलों के कारण अजीब सा मौसम बना रहा। जिस प्रकार पूरे दिसंबर माह और जनवरी में शीत का प्रचंड प्रकोप बना हुआ है ऐसी स्थिति और मौसम मकर संक्रांति पर होता आया है।

#### नहीं हुए सूर्य दर्शन

◆ सुबह से ही घना कोहरा शीत हवाओं के साथ आसमान में घने बादल छाए रहने से शनिवार को सूर्य देव के दर्शन दुर्लभ हुए शीत के भारी प्रकोप के समय स्कूलों की छुट्टियां चल रही है। परंतु बच्चों बुजुर्गों का घरों से बाहर निकलना अत्यधिक कम हो गया है। शीत प्रकोप का सामना करने की अपेक्षा लोग घरों में दुबके रहना अधिक पसंद कर रहे हैं। सुबह-सुबह और रात 8 बजे के बाद बाजारों सडक़ों पर सन्नाटा छा जाने की स्थिति रही सबसे अधिक परेशानी और जोखिम तो दो पहिया वाहन चालकों को बना रहा है। शीत के अत्यधिक प्रकोप के कारण पौधे पत्ती फूल मुरझा जाने सुख कर गिरने की स्थिति बन रही है।

### थाना मैदान में बना विशाल पंडाल, हजारों सनातनी होंगे शामिल

# हिंदू सम्मेलन आज, नगर में हुईं व्यापक तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ▸▸ बरेली

**सकल हिंदू सम्मेलन में क्षेत्र के साधु संतों की रहेगी उपस्थित**

**साधु-संत सकल हिंदू समाज को मार्गदर्शन आशीर्वाद देंगे।**

**केसरिया पताकाओं से प्रमुख मार्गों पर सजावट की गई है**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष में आर एस एस के नगरों बड़े ग्रामों में हिन्दू सम्मेलन आयोजन की श्रृंखला बनी हुई है। नए वर्ष 2026 की शुरुआत में आज 4 जनवरी रविवार को नगर के थाना मैदान में हिन्दू सम्मेलन की व्यापक तैयारियां की गई हैं। आरएसएस के बरेली जिला मुख्यालय में होने वाले हिन्दू सम्मेलन में नगर एवं संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र से 20 -25 हजार सनातनी हिंदुओं की उपस्थिति होने की संभावना है।

पिछले 8-10 दिनों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारी हिन्दू सम्मेलन समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के साथ क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में व्यापक संपर्क प्रचार और हिन्दू सम्मेलन के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया जिस प्रकार प्रदेश और देश में हिन्दू जागरण अभ्योदय का माहौल बना हुआ है। इसी कारण आज रविवार को होने वाले हिंदू सम्मेलन में सभी समाज वर्गों के हजारों हिन्दू युवाओं महिलाओं बच्चों की उपस्थित होने की प्रबल संभावना है। थाना मैदान में हिन्दू सम्मेलन के लिए विशाल मंच और पंडाल बनाया गया है।

#### साधु-संतों की विशेष उपस्थित

आज रविवार को नगर में होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय कार्यवाह हेमंत सेठिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

इसी के साथ नर्मदा क्षेत्र में निवास करने वाले प्रमुख साधु संतों की हिन्दू सम्मेलन में विशेष उपस्थिति रहेगी। साधु संतों द्वारा उपस्थित हिन्दू समाज को मार्गदर्शन आशीर्वाद दिया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर ही विशाल सहभोज भंडारे की व्यवस्था की गई है। हिन्दू सम्मेलन को लेकर नगर एवं संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्र में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है हिन्दू सम्मेलन को लेकर नगर में स्वागत फ्लेक्स केसरिया ध्वज पताकाओं से नगर के प्रमुख मार्गों पर सजावट की गई है।

### बिल में वास्तविक खपत से कम यूनिट दर्ज कर छिपाने का चल रहा खेल

# बिजली कंपनी के अधिकारियों की मेहरबानी से सैकड़ों कृषि पंप को मिल रही 24 घंटे बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मप्र मध्य क्षेत्र बिजली कंपनी ग्रामीण के कुछ अधिकारियों की कथित मेहरबानी से सैकड़ों कृषि पंप कनेक्शनों पर नियमों को ताक पर रखकर 24 घंटे बिजली दी जा रही है। वहीं अब इन बिजली कनेक्शनों की बिलिंग में बड़े पैमाने पर हेराफेरी किए जाने के आरोप सामने आए हैं। इस मामले ने अब तूल पकड़ लिया है और विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

बताया जाता है कि कृषि पंप कनेक्शन का कमर्शियल उपयोग और बिजली बिल 6 महीने में सिर्फ 400 से 600 रूपये में किसानों को अस्थाई बिजली पंप कनेक्शन दिया जाता है। जिले के सभी जोन में बिजली कनेक्शन दिए गए हैं। इससे खेतों की सिंचाई तो नहीं होती बल्कि इसका उपयोग कमर्शियल रूप में जरूर होता है। कृषि पंप की कनेक्शन का नियम 10 घंटे अनिवार्य रूप से बिजली देना होती है, इसी आधार पर बिलिंग की जाती है। 6 महीने में प्रति हॉर्स पावर के हिसाब से बिलिंग की जाती है। वहीं जिनके यहां बिजली मीटर लगे हैं, उन्हें यूनिट के हिसाब से बिल भेजने का नियम है। 2 से 3 हॉर्स पावर के मोटर पंप कनेक्शन अधिकांश जगहों पर लगे हुए हैं। बताया जाता है कि यह 24 घंटे मोटर पंप चलते हैं। इसमें सारा खेल एई, जेई और लाइनमेनो का होता है।

### नहीं लगा बिजली मीटर

शहरी क्षेत्र के कृषि पंप कनेक्शन में कहीं भी मीटर नहीं लगाए हैं। जबकि उपभोक्ताओं को यूनिट के हिसाब से बिल भेजना है। इसी का फायदा बिजली कंपनी के अधिकारी और कर्मचारी उठा रहे हैं, जो उपभोक्ताओं को फायदा पहुंचाते हैं। इसका कुछ परसेंट अधिकारी-कर्मचारी वसूल कर ले जाते हैं। वहीं कुछ को जांच के नाम पर डरा कर वसूली करते हैं।



### यहां सबसे ज्यादा होता है उपयोग...

रायसेन शहरी क्षेत्र में अधिकांश कमर्शियल जगहों पर किसी पंप के कनेक्शन दिए गए हैं। जबकि इनका किसी से कोई लेना देना नहीं है। विभागीय अधिकारियों से सांठगांठ कर रियायत दरों में कनेक्शन दिए हैं। यह दावा किया जा रहा है कि विवाह घर मैरिज गार्डन धर्मशालाओं और बड़े-बड़े होटल लाजो में कृषि पंप कनेक्शन है। इसके अलावा रायसेन शहर में बर्फ फैक्ट्री एक दर्जन से ज्यादा आरओ वाटर पानी पाउच प्लांट के सप्लायरों के कारखाने हैं। वहीं दो नमकीन फैक्ट्रियां भी है।

### अघोषित बिजली कटौती की मार

स्थानीय किसानों का कहना है कि कुछ चुनिंदा लोगों को फायदा पहुंचाने बाकी उपभोक्ताओं को अघोषित बिजली कटौती की मार झेलनी पड़ रही है। इससे ग्रामीण इलाकों में असंतोष बढ़ रहा है। किसानों ने आरोप लगाया कि शिकायत करने पर कार्रवाई के बजाय उन्हें ही डराया जाता है।

विभाग के अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि इस गड़बड़ी से हर महीने लाखों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। मीटर रीडिंग, लोड और बिलिंग रिकॉर्ड में अंतर साफ नजर आ रहा है। लेकिन बिजली कंपनी के जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे हुए हैं। इस गड़बड़ी के मामले पर बिजली कंपनी के अधिकारियों से संपर्क किय, लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होगी या फिर यह गड़बड़ी फाइलों में ही दबकर रह जाएगी। जनता की नजरें विभाग और प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

### सीमित बिजली आपूर्ति की बजाय 24 घंटे सप्लाई

सूत्रों के अनुसार, जिन कृषि पंप कनेक्शनों को तय समय-सारिणी के अनुसार सीमित घंटे बिजली मिलनी चाहिए, उन्हें पूरे दिन आपूर्ति दी जा रही है। इसके बदले में लाइनमैनो द्वारा कुछ उपभोक्ताओं से कथित रूप से सुविधा शुल्क लिया जा रहा है। यही नहीं, बिलिंग के समय वास्तविक खपत से कम यूनिट दर्ज कर नुकसान को छिपाने का खेल भी चल रहा है।

### जांच कर कार्रवाई की जाएगी

यदि बिजली की चोरी हो रही है तो बिजली कंपनी की मौके पर टीम भेज कर मामले की जांच कराएंगे, इसके बाद ही अगली कार्रवाई की जाएगी।
**- पराग राव धवड़े,** डीजीएम, बिजली कंपनी रायसेन।

### नींद से जागा नगर पालिका का अमला

## जल विभाग की टीम ने वार्डों में पहुंचकर देखीं पाइप लाइनें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

**खबर का असर**

इंदौर में दूषित पानी पीने से लोगों की हुई मौतों के बाद कलेक्टर के आदेश के बाद प्रशासन सख्त हो गया। शहर में नाले-नालियों से गुजरी पाइप लाइनों की जांच के लिए और उनकी शिफ्टिंग के निर्देश दिए गए।

मालूम हो कि हरिभूमि समाचार पत्र ने 'नगर पालिका ना पानी का सेंपल ले रही और न पाइप लाइनों की जांच' टाइटल से खबर प्रकाशित की थी। खबर के बाद नगर पालिका का सोया हुआ अमला अपनी गहरी नींद से जागा। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा के निर्देश पर लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए शनिवार को तहसीलदार भरत सिंह मांडरे और नपा सीएमओ सुरेखा जाटव ने अमले के साथ शहर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। इस मौके पर टीम ने मुख्य रूप से उन पर पानी की पाइप लाइनों की जांच की जो नालों और नालियों से होकर गुजर रही थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सीवेज का पानी पाइप लाइन में ना मिल रहा हो। सबसे पहले टीम मढ़ईपुरा पहुंची, जहां अधिकतर पाइप लाइन नाली में से गुजरी है। अधिकारियों ने इन लाइनों को तत्काल नाली के ऊपर शिफ्ट करने के निर्देश दिए।

इसके अलावा तहसीलदार ने 18 वार्डों के जल आपूर्ति प्रभारी की बैठक भी ली। जिसमें निर्देशित किया कि वह अपने वार्डों में नाली से गुजर रही पाइप लाइनों को चिंहित कर उन्हें तत्काल दूसरी जगह शिफ्ट करें।

### नगर सरकार पहुंची लोगों के द्वार

## अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने वार्ड वासियों ने संवाद कर समस्या का किया समाधान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शनिवार को सुबह से दोपहर तक शहर में चलाए जा रहे नगर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत आज वार्ड क्रमांक 4 में विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुश्री सुरेखा जाटव, वार्ड पार्षद दीपक थोरात नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा भ्रमण किया गया।

इस दौरान नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए वार्ड 4 गोपालपुर कलेक्ट्रेट कॉलोनी वीआईपी कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों में घर-घर जाकर प्रत्येक नागरिक से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई। प्राप्त शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए संबंधित कर्मचारियों को तत्काल आवश्यक निर्देश दिए गए। जल्द ही समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए गए।

साथ ही वार्ड में चल रहे निर्माण कार्यों एवं अन्य प्रगतिरत विकास कार्यों का निरीक्षण कर उनकी गुणवत्ता की जांच की गई एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## सांची मार्ग का अतिक्रमण किया साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के इंडियन चौराहे के नजदीक सांची रोड पर यातायात विभाग और नगर पालिका ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया। सांची रोड़ माता मंदिर से तहसील कार्यालय और कोविड बिल्डिंग से लेकर ट्रैफिक पुलिस थाने तक सड़क किनारे किए गए अवैध कब्जों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया। यह कार्रवाई सांची रोड पर नाला निर्माण के कारण लगे जाम के बाद की गई।

दुकानदारों द्वारा सड़क तक किए अतिक्रमण के कारण रोजाना यातायात बाधित हो रहा था, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। हालात ऐसे बने हुए थे कि माता मंदिर से तहसील कार्यालय तक अक्सर जाम की स्थिति बन जाती थी।

# भंवरखेड़ी गांव में सौ साल से नहीं श्मशान घाट पर टीनशेड

### सांसद एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सांची के विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी करते हैं क्षेत्र का प्रतिनिधित्व

### शर्मनाक : टीनशेड विहीन श्मशान घाट पर शवों का होता है दाह संस्कार, बारिश में होती है आफत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/दीवानगंज



इसे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों की लापरवाही कहें या उदासीनता कि सांची जनपद के ग्राम भंवरखेड़ी में आजादी के अब तक शमशान घाट को छत तक नसीब नहीं हुई।

जी हां यह सच है भारत देश की आजादी का जहां एक ओर अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जनपद पंचायत सांची के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गीदगढ़ के भवरखेड़ी गांव का एक पहलू यह भी है कि पिछले 100 सालों से मुक्तिधाम टीनशेड विहीन है। जिससे बारिश में ग्रामीणों को शवों का दाह संस्कार करना किसी मुसीबत से कम साबित नहीं होता।

बताया जा रहा है कि यह श्मशान घाट करीब 100 साल से अधिक पुराना है, लेकिन अब तक यहां टीनशेड पक्के इंतजाम नहीं किए गए हैं। गांव के बुजुर्गों के मुताबिक बारिश हो या तेज धूप, हर मौसम में ग्रामीणों को खुले आसमान के तले ही शवों को अंतिम संस्कार करना मजबूरी बना हुआ है। ऐसी स्थिति में बारिश के दिनों में शवों के अंतिम संस्कार के दौरान अर्थी को आग जलाने में भी दिक्कतें आती हैं, वहीं गर्मी और सर्दी में परिजनों व ग्रामीणों को खड़े रहना कठिन हो जाता है।

भंवरखेड़ी निवासी ग्रामीण देवीराम, करण सिंह, गुड्डा आदि ग्रामीणों का कहना है कि कई बार जनप्रतिनिधियों और पंचायत को आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि श्मशान घाट पर जल्द ही टीनशेड और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। ताकि शव के अंतिम संस्कार के समय कम से कम सम्मानजनक व्यवस्था मिल सके।

### सुधार किया जाएगा...

हमने सांची ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों से श्मशान घाट की कमी समस्याओं की जानकारी बुलाई है। जल्द ही भंवरखेड़ी के श्मशान घाट की दुर्दशा सुधारी जाएगी।
**- शंकर सिंह पांसे,** सीईओ जनपद पंचायत सांची

### मना कर दिया...

शमशान घाट पर निजी भूमि आ जाने के कारण टीनशेड नहीं हो सका है। हालांकि पक्का चबूतरा बना दिया गया है, जिसकी निजी भूमि आई है उसने आगे कार्य करने से मना कर दिया है।
**- लीला किशन अहिरवार,** सरपंच गीदगढ़।

### निजी भूमि कैसे...

जब से हमारा जन्म हुआ है तब से आज तक इसी जगह पर शवों का अंतिम संस्कार होता आया है।इससे पहले हमारे पूर्वज भी यही पर शवों अंतिम संस्कार करते थे। अब कैसे निजी भूमि आ गई है।
**- चरण सिंह अहिरवार,** जनपद सदस्य प्रतिनिधि

### जनपद सीईओ ने की कार्रवाई

## केवाईसी में लापरवाही करने पर 15 सचिवों का काटा वेतन

### पंचायत सचिवों ने लगाया मनमानी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के आदेश पर सांची जनपद पंचायत के सीईओ शंकर सिंह पांसे द्वारा 15 ग्राम पंचायत सचिवों की तनख्वाह काट दी गई है। जिससे पंचायत सचिव सचिवों में हड़कंप मचा हुआ है।

उनकी लापरवाही यह है कि सीईओ श्री पांसे द्वारा 1 महीने पूर्व इन लापरवाह पंचायत सचिवों को यह आदेश दिए थे कि शासन के प्राथमिकता वाले केवाईसी कार्यपूर्ण करलें। वरना आपका वेतन काट दिया जाएगा। लेकिन फ़िर भी कार्य समय पर निपटाने में लापरवाही बरती गई। पंचायत सचिवों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा जिस को के आदेश पर उनके एक महीने की तनख्वाह काट दी गई है।

इधर पंचायत सचिवों ने अधिकारियों पर मनमानी के आरोप लगाए हैं वह बोले की हमसे शासन प्रशासन की कई बेगारी थोप दी गई है। जिससे उन्हें पंचायत में काम करने में भी असुविधा हो रही है। इसमें हमारा कोई कसर नहीं है।

# कथा में कथा व्यास ने कहा- बिना सोचे-समझे कोई भी कार्य न करें, पहले स्वयं से प्रश्न करें

### उचेरा जमुनिया स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



तहसील क्षेत्र के ग्राम उचेरा जमुनिया स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में संगीतमयी श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का सात दिवसीय आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया जा रहा है। कथा के छठवें दिन शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन कथा श्रवण के लिए पहुंचे। श्रद्धालुओं ने विधिवत व्यास गादी की पूजा-अर्चना कर कथा का श्रवण किया और भक्ति रस में सराबोर नजर आए।

कथा वाचक पंडित हितेश कृष्ण शास्त्री ने अपने प्रवचन में जीवन को सही दिशा देने वाले महत्वपूर्ण संदेश दिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य को कोई भी कार्य बिना सोचे-समझे नहीं करना चाहिए। हर कार्य से पहले स्वयं से यह प्रश्न करना चाहिए कि यह कार्य क्यों और किस उद्देश्य से किया जा रहा है। जिज्ञासा और विवेक के साथ किया गया कार्य ही जीवन को सफल बनाता है।

पंडित शास्त्री ने प्रकृति को मां के समान मानने का संदेश देते हुए कहा कि प्रकृति हमारी माता है, जो हमें निरंतर जीवनदायिनी वस्तुएं प्रदान करती है। प्रकृति हमें हवा के रूप में ऑक्सीजन देती है, गायों के लिए चारा देती है, फल, फूल, सब्जियां, अनाज और लकड़ी प्रदान करती है। इसलिए हमें प्रकृति की पूजा करनी चाहिए और दिखावे व बेवजह के पाखंड से बचना चाहिए।

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि वनों को आग से बचाएं, अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और पेड़ों की कटाई से बचें। प्रकृति संरक्षण करना ही सच्ची भक्ति है और यही आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़ा उपहार होगा।

कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का सरस और मधुर वाणी में वर्णन किया गया। महारास का सुंदर और भावपूर्ण वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके साथ ही भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह उत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें श्रोता भजन-कीर्तन पर झूमते और नृत्य करते नजर आए। पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से परिपूर्ण हो गया। उल्लेखनीय है कि श्रीमद् भागवत कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक किया जा रहा है।

## साहब सिंह रघुवंशी 32 वर्षों की सेवाओं के बाद हुए सेवानिवृत्त

**सिलवानी।** जनपद पंचायत में लिपिक पद पर कार्यरत साहब सिंह रघुवंशी के सेवा निवृत्त होने पर एक गरिमामय एवं भावनात्मक विदाई समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर जनपद पंचायत कार्यालय का वातावरण सम्मान, कृतज्ञता और आत्मीयता से सराबोर नजर आया। रघुवंशी ने अपने सेवाकाल के 32 वर्षों में पूर्ण कार्य लगन, निष्ठा और ईमानदारी के साथ शासन-प्रशासन की जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। उनकी सेवाओं की गुणवत्ता, समयपालन और अनुशासित कार्यशैली के लिए उन्हें मध्य प्रदेश शासन द्वारा पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है, जो उनकी कर्मठता का प्रमाण है। विदाई समारोह में सीईओ नीलम रायकवार, एसडीओ विकसित भारत, इंजीनियर, पंचायत सचिव सहित कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### श्रीरामलीला मेला देखने मेला परिसर में उमड़ा लोगों का सैलाब

# प्रभु श्रीराम ने किया भूधराकार कुंभकरण का वध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर में चल रही रामलीला महोत्सव के चलते शनिवार को लंकापति रावण के भाई महाबलशाली कुंभकरण वध की लीला प्रसंग का शानदार तरीके से आयोजन किया गया। रविवार को अतिकाय, देवांतक वध की लीला की प्रस्तुति आयोजित की जाएगी। कुंभकरण का रोल राजेश पंथी पहलवान ने निभाया। वह लगातार चार दशक से कुंभकरण का जोरदार अभिनय कर रहे हैं।

श्रीरामलीला देखने एवं मेले का आनंद लेने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे। कुंभकरण वध की आकर्षक लीला को देखने के लिए मैदान के चारों तरफ बड़ी संख्या में दर्शक लीला देखने के लिए खड़े हुए थे।

श्रीरामलीला के अनुसार लंकापति रावण अपने भाई कुंभकरण जो कि कई माह से गहरी नींद में सो रहा था, उसे कुछ खैर खबर ही नहीं थी। इधर रावण सेनापति को कुंभकरण के पास भेजता है। राक्षसी सेना द्वारा कुंभकरण को

### कुंभकरण का अभिनय राजेश पंथी पहलवान ने किया, वह बीते चार दशक से लगातार कुंभकरण का अभिनय करते आ रहे हैं।



नींद से जगाने के लिए कई उपाय किए जाते हैं। जब वह जागता है तो अपने भ्राता श्री रावण से कहता है कि आप अनीति कर रहे हैं अधर्म के मार्ग पर चल रहे हैं। श्रीराम की भार्या सीता दाक्षात जगदंबा का हरण कर लंका में कैद कर रखे हुए हैं। कुम्भकरण की यह बात सुनकर दशानन रावण क्रोधित हो जाता है और कहता है जाओ दोबारा निंदा धारण कर लो।

कम्भकरण ने कहा मैं रणभूमि में अवश्य जाऊंगा भैया, मैं विभीषण की तरह कुलद्रोही नहीं बन सकता। जिसके बाद कुम्भकरण सेना के साथ रणभूमि में पहुंचता है।

विभीषण कुंभकरण को समझाने के लिए आते हैं, लेकिन कुंभकरण विभीषण को बहुत बुरा भला कहता है और नीच कायर की उपमा देकर उन्हें वापस जाने के लिए कहता है।

बंधु बचन सुनि चला बिभीषन। आयउ जहँ त्रैलोक बिभूषन॥ नाथ भूधराकार सरीरा। कुंभकरन आवत रनधीरा॥

भाई कुम्भकरण की बात सुनकर विभीषण श्री राम के पास गए, उन्होंने कहा, हे नाथ पर्वत-जैसे शरीर वाला कुंभकरण युद्ध के लिए आ रहा है। इस प्रकार से भगवान श्रीराम और लक्ष्मण अपनी सेना को साथ लेकर कुंभकरण से युद्ध करने चल देते हैं। दोनों में आमने सामने रामलीला मैदान में घनघोर युद्ध होता है। अंत में प्रभु श्रीराम ऐंद्र अस्त्र से महाबलशाली कुंभकरण का वध कर दिया। जिसके बाद रावण की राक्षसी सेना में भगदड़ मच जाती है।

## श्रीरामचरितमानस एवं भागवत कथा से पूर्व निकली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



शनिवार को भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर स्थित डोलाघाट हनुमान मंदिर पर सात दिवसीय राम चरित मानस महायज्ञ एवं भागवत कथा का प्रारंभ हो गई है। कथा के पहले दिन शनिवार को बड़े धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा डोलाघाट हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुईं जो शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दीवानगंज से होते हुए फैक्ट्री चौराहा, खेड़ापति हनुमान मंदिर, भवानी चौक दीवानगंज, सोसाइटी दीवानगंज, अयोध्या धाम मंदिर अंबाडी और गणेश चौराहा, चांदनी चौक अंबाडी के विभिन्न मार्गो से होते हुए से डोला घाट हनुमान मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में छोटी-छोटी कन्याएं, माता, बहने, बुजुर्ग, युवा और आसपास के क्षेत्र की सभी भक्तगण नंगे पैर 10 किलोमीटर पैदल चलते हुए दोपहर 2 बजे डोलाघाट हनुमान मंदिर पहुंची। इसके उपरांत रामचरितमानस एवं भागवत कथा का प्रारंभ हुआ।

यहां पर रामचरितमानस एवं भागवत कथा 25 वर्षों से लगातार चल रही है। इस डोलाघाट हनुमान मंदिर पर लगातार 24 घंटे रामायण पाठ निरंतर चल रहा है। कथा 7 दिन तक चलेगी। कथा साध्वी राधिका किशोरी द्वारा दोपहर 12 से लेकर 4 बजे तक सुनाई जाएगी।